मान्यवर, कुछ बातें इस में जरूर कहनी हैं । जैसे कि राईट टू प्रापर्टी या सपत्ति के अधिकार का जो सवाल है, यह सवाल एक ग़मीर सवाल है । इस राईट को फण्डामेंटल राइटस की सीमा से बाहर कर देने से ही हम लोगो की तमाम कठिनाइयो को दूर नही कर सकेंगे जिन्हे कि दूर करने की बहुत आवश्यकता है । आज राईट टू प्रापर्टी की जगह राईट टू लिमिटेड प्रापर्टी का प्रयोग करना भी आवश्यक हो गया है । क्योंकि जब तक हम सम्पत्ति की सीमा निर्धारित नही करते तब तक कुछ व्यक्तियो के पास में कुछ मुट्ठी-भर लोगो के पास अत्यधिक सम्पत्ति इकट्ठी हो सकती है जो कि शोषण का कारण बन सकती है और उन लोगो के जीवन को जिनका कि जीवन पहले ही कठिनाई में व्यतीत हो रहा है और भी संकटग्रस्त बना सकती है । ऐसी हालत मे हमारे लिए इस चीज का देखना जरूरी हो गया है कि जो इस समय पूंजीवादी व्यवस्था है जब तक हम इसको समाप्त नही करेंगे तब तक सही ढग से हम लोगो के हितो का सरक्षण नही कर सकेंगे । यह स्पष्ट है कि पूंजी आज कुछ लोगो के हाथ में इकट्ठी हो गयी है और वे उस पंजी के द्वारा सम्पूर्ण देश की प्रशासनिक व्यवस्था को सम्पूर्ण देश के शासन को प्रभावित कर रहे हैं । उन्होने देश की पत्रकारिता को प्रभावित करने लोगो के मानसिक चिंतन को प्रभावित करने की भी प्रक्रिया अपनायी है । जाहिर बात है कि इस पूरी प्रक्रिया का अन्त तब तक नही किया जा सकता है जब तक कि पूंजी की सीमा निर्धारित नहीं की जाती है । देश के शोषण को समाप्त करने के लिए यह अत्यावश्यक है कि पूंजीवाद का अन्त हो । इस बात की कमी मैं इस संविधान संशोधन विधेयक में देख रहा हू । मैं चाहता हू कि मंत्री महोदय इस ओर ध्यान दें और देश मे पंजी की एक निश्चित सीमा निर्धारित करने का प्रावधान संविधान में करें ।

आज देश में शोषण बेरोजगारी फैली हुई है । नौजवान लोग शिक्षा हासिल करने के बाद बेकार इधर उधर घूमते हैं । ऐसे लोगो को रोजगार देने की व्यवस्था करने का प्रश्न भी हमारी सरकार के सामने आता रहता है । हमने अपने मैनिफेस्टो में भी कहा था कि राइट टू वर्क को हम फंडेमेंटल राइट बनाएंगे और प्रत्येक व्यक्ति को काम देने का अधिकार देने की व्यवस्था संविधान में करेंगे । लेकिन यह व्यवस्था नही हो पाई है । शास्त्री जी का बिल भी इस सम्बन्ध में जब सदन में आया था तो उस पर जो बहस हुई थी तब सभी दलों के सदस्यों ने उसका समर्थन किया था । इसकी

[श्री हरिकेश बहादुर]

कमी इस संशोधन में हमें दिखाई पड़ रही है। मैं समझता हूं कि इसको सुधारने की आवश्यकता है।

देश में अपराध तेजी के साथ बढ़ते जा रहे हैं। मैं किसी भी हालत में मीसा जैसे काले कानून का समर्थन नहीं कर सकता हूं। लेकिन इतना मैं अवश्य कहना चाहता हूं कि जो कुछ भी आज संविधान के अन्दर व्यवस्था है इससे स्पष्ट हो चुका है आजादी के बाद से ले कर आज तक स्पष्ट हो चुका है कि जो भी कानून हमने पास किए हैं उन में अपराधों पर शक्तिशाली और सक्षम नियंत्रण हम स्थापित नहीं कर पाए हैं। उस नियंत्रण की स्थापना के लिए आज कानून में संशोधन करने की आवश्यकता है ताकि अपराधों पर कड़ा नियंत्रण स्थापित किया जा सके। आज तरह तरह के अपराधी जो हत्यायें करते हैं, डकैतियां डालते हैं नमाम लोगों की जानकारी में रहने के बाद भी जब वे अदालतों के दायरे में जाते हैं तो वहां से छूट जाते हैं। ऐसी अवस्था में उनका इस तरह के कार्य करने का उत्साह मिलता है उनका उत्साह और बढ़ जाता है और उसका कुप्रभाव उनके व्यक्तिगत मस्तिष्क पर ही नहीं पड़ता बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है और समाज में अपराध की प्रवृत्ति विकसित होती है। तीस बरस तक जिन कानूनों का प्रयोग हम करते आ रहे हैं उन से देश में अपराधों को कम करने की दिशा में कोई शक्तिशाली कदम हम नहीं उठा पाए हैं। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि जो भी कानून हमारे पास हैं जिन से हम अपराधों को नियंत्रित करने की व्यवस्था करते हैं उनको और भी प्रभावशाली बनाएं और आवश्यक हो तो उन में संशोधन भी करें।

जहां तक पब्लिक स्कूलों का ताल्लुक है इनको खत्म करने के लिए जब भी सवाल यहां आया है तब बराबर कहा गया है कि हम इनको हटा नहीं सकते हैं क्योंकि संविधान में कुछ ऐसे प्रावधान हैं जिन के तहत जिन लोगों ने इनको चला रखा है या विशेष वर्गों के लोगों, सम्प्रदायों के लोगों ने इनको चला रखा है उन पर हम इन प्रावधानों के रहते नियंत्रण स्थापित नहीं कर सकते हैं, उनको हम समाप्त नहीं कर सकते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। अगर संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था है जिस के तहत हम उन पर रोक नहीं लगा सकते हैं तो उस व्यवस्था को समाप्त करने के लिए संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए ताकि जिस विशेष वर्ग को विशेष प्रकार की सुविधा आज उपलब्ध है उसको खत्म करके सभी लोगों को बराबर और समान सुविधा मिल सके, सभी के लिए समान अवसर हम पैदा कर सकें। इसके लिए भी संविधान में संशोधन करना अत्यन्त आवश्यक है।

पब्लिक स्कूलों के बारे में मैं कह सकता हूं कि ये स्कूल केवल सामन्तवादी, कुलीनतंत्रीय और नौकरशाही प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों का निर्माण करते हैं जो देश में अपने को एक विशेष वर्ग का व्यक्ति समझ कर देश की शासन व्यवस्था में अपने आपको समझते हैं और देश में शोषण की प्रक्रिया को तेज करने में पूरी शक्ति और बुद्धि का प्रयोग करते हैं। इस वास्ते पब्लिक स्कूलों को समाप्त करने की व्यवस्था करना भी निहायत आवश्यक है।

शिक्षा को समवर्ती सूची में लाने का कार्य करना अत्यन्त उचित कार्य है। इस दिशा में सरकार को तत्काल ध्यान देना चाहिये और कार्रवाई करनी चाहिये।

न्यायपालिका को यह अधिकार नहीं होना चाहिये कि वह संसद द्वारा बनाए गए कानूनों को अवैध घोषित करे। राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से कानून बनाने के संसद के अधिकार पर किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप अनुचित एवं जन विरोधी है। संसद देश की जनता की भावनाओं को परिलक्षित करती है देश की जनता का प्रतिनिधित्व करती है उसके अधिकार पर किसी भी प्रकार दूसरा बाहा का कोई भी नियंत्रण नहीं होना चाहिये उसका कोई भी प्रभाव नहीं होना चाहिये।

फन्डामेंटल राइट्स और डायरेक्टिव प्रिन्सिपल्स आफ स्टेट पालिसी के बीच में जो संघर्ष बराबर चलता है उस सम्बन्ध में मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि डायरेक्टिव प्रिन्सिपल्स आफ स्टेट पालिसी को आज की स्थिति में हमारे देश में सर्वाधिक महत्व देने की आवश्यकता है। यदि कोई भी फन्डामेंटल राइट इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की बाधा पहुंचाता है तो उस फन्डामेंटल राइट को सुधारने के लिए जो भी आज प्राविजन किए गए हैं उनके आधार पर कार्य होना चाहिये। और डायरेक्टिव प्रिन्सिपल्स आफ स्टेट पौलिसी की सुप्रीमेसी फन्डामेंटल राइट्स पर जरूर स्थापित करनी चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री गौरी शंकर राय (गाजीपुर) माननीय, हमारे विधि मंत्री जी भाग्यशाली हैं यह उनको एक ऐसा अवसर मिला है कि इस छठी लोक सभा में जनता ने इस संविधान को बदलने का काम इनको सौंपा ताकि इस देश के माथे पर जो कलंक था, या इस देश के इतिहास पर जो यह काला निशान था उसको हटाने की जिम्मेदारी इनको हाथों पूरी हो रही है। ऐसा ऐतिहासिक काम करने का इनको अवसर मिला है इसलिये यह भाग्यशाली हैं। हम भी भाग्यशाली हैं कि हमको एक ऐसा अवसर मिला है कि इस देश के कलंक को धोने में हमारा भी योगदान है। ऐसी हास्यास्पद स्थिति

कल 42वें संविधान संशोधन विधेयक की थी, अभी हमारे माननीय हितेन्द्र देसाई बोल रहे थे उन्होंने इसके प्रीएंबल के बारें में बताया और जवाहर लाल नेहरू का नाम लिया। हास्यास्पद स्थिति यह है कि सेक्यूलरिज्म और सोशलिज्म का नाम इसमें जोड़ा गया और सेक्यूलरिज्म की जो दूर दराज की सम्भावनायें थीं उसके कन्टेंट को नष्ट कर दिया। जो फंडामेंटल राइट्स ले लिये गये उसमें किसी भी माइनारिटी के लिए या किसी भी तरह के सेक्यूलरिज्म, जिसकी की बात करते हैं, उसकी कोई सम्भावनायें दूर दराज की की नहीं रह गई थी और हम शरमिन्दा थे कि संविधान को नष्ट कर दिया गया था और संविधान का जो शरीर था उसमें से उसकी आत्मा निकाल ली गई थी लेकिन लेबिल रख दिया गया सोशलिज्म का। यह स्थिति थी। और उन्होंने जिक्र किया जवाहर लाल नेहरू का। इसलिए मैं कहता हू हमारे विधि मंत्री ने, हमारे मित्रों को कन्टेंट से ज्यादा लेबिल से ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने कमप्रोमाइज किया। कि अगर सेक्यूलरिज्म और सोशलिज्म के खिलाफ बोलेंगे तो बदनामी होगी। मैं जवाहर लाल जी को कोट करना चाहता हू जब कान्स्टीट्यूशन के आब्जेक्टिव प्रिंसिपल्स पर बोल रहे थे ममानी साहब ने सोशलिज्म का इन्ट्रोड्यूस करने के लिए, रिपब्लिक को इन्ट्रोड्यूस करने के लिए, संशोधन दिया था, उसके बाद जवाहर लाल जी ने कहा कन्टेंट सोशलिज्म का है लेबिल की हमको जरूरत नहीं है। इसके लिए ममानी साहब ने अपना संशोधन वापस लिया और ममानी साहब की स्पीच यह है

"I approach this part of the Resolution, Sir, as a Democratic Socialist, a Socialist who feels that democracy needs to be extended from the political to the economic and social spheres and that, if socialism does not mean that, then it means nothing at all. I welcome this Resolution in spite of the fact that neither the word 'Democracy' nor the word 'Socialist' finds a place in its Preamble. It is perhaps just as well that those words have been avoided because, as one of us here put it in his Presidential Address at the Meerut Congress, terms like Socialism or Democracy can be made to cover a multitude of sins. This fog of words often covers realities. We know that the French Revolution was made in the name of infraternity but, towards the end of that Revolution, a cynic remarks--

> 'When I saw what men did in the name of fraternity, I resolved if I had a brother to call him cousin!'

That, I fear is true of other revolutions as well.

> As a Socialist, Sir, I welcome this aspect of the Resolution because, as the Mover has rightly pointed out, the content of economic democracy is there, although the label is not there."

तो मैं कहना चाहता हू कि 42वें संशोधन से लोग समाजवाद और सेक्यूलरिज्म के लेबिल के लिए बेताब थे। उसके कन्टेंट को नष्ट कर दिया और उसके ऊपर लेबिल रख दिया।

सैकेन्ड वर्ल्ड वार के बाद प्रजातन्त्र की मर्यादा बढ़ी। जिन मित्रों ने डेमोक्रेसी को रिडिक्यूल किया था उन्होंने भी अपने को चिल्ला कर लास्टिंग डेमोक्रेसी के नाम पर ले लिया। सारे लोग प्रजातंत्रवादी हो गए, उसी प्रकार के लेबिल से संविधान निश्चित नहीं होता है। कार्य करने वाला, इम्प्लीमेंट करने वाला हो, कास्टीट्यूशन का कन्टेंट हो, उसके बाद होता है। मैं ऐसा मानता हू कि अब जो कम्प्रोमाइज करना पड़ा है, यह हो सकता है कि हमारे विधिमंत्री को अत्यन्त प्रगतिशील रूप रखने के लिए आवश्यक हुआ हो कि प्रीएंबिल में भी सारी चीजें बदल दें।

मैं बहुत ज्यादा समय नहीं लेना चाहता, मैं सिर्फ उस तरफ इशारा करना चाहता हू जिस तरफ कम इशारा हुआ है।

42वें संविधान संशोधन में प्रजातंत्र की आत्मा पर चारों तरफ से हमला हुआ था। जुडीशियरी की बात बाद में कहूंगा या कम कहूंगा, क्योंकि हमारे बड़े-बड़े कानून के पंडित उस पर बोलने वाले हैं। सबसे बड़ा, जुडिशियरी से भी बड़ा हमला यह किया गया कि कन्ट्रोलर एण्ड आडिटर जनरल जो हुआ करता था उसको प्रधान मंत्री के हाथ में कर दिया गया। उस के संबंध में मैं कहना चाहता हू कि जब संविधान बन रहा था, आप जानते हैं, इंग्लैंड में जो हाउस आफ कामन्स है, उसका आफिसर कन्ट्रोलर एण्ड आडिटर जनरल होता है, यू० एस० ए० में कांग्रेस का होता है। वह संसद की तरफ से एग्जीक्यूटिव के खर्च को एग्जामिन करता है और उसकी सेवा करता है। इस देश में डा० अम्बेडकर ने चाहा था इस बात को करना, वे फिर संविधान बनाने के समय उनको अफसोस था, उन्होंने बड़ी सफाई के साथ संविधान सभा के सामने कह दिया

(श्री बीरी शंकर राव)

कि जो स्वतन्त्रता हम एग्जीक्यूटिव के खर्चे को एग्जामिन करने के लिये देना चाहते थे, कन्ट्रोलर एंड आडिटर जनरल को, वह जुडिशियरी से अधिक होनी चाहिए, लेकिन हमको अफसोस है कि हमें आज इस पर ही कन्टेंट करना पड़ा।

उसके बाद 42वें संशोधन में क्या हुआ ? खर्चा द्वारा जांच होगा, और खर्चे के जांच करने के मालिकाना हक प्रधान मंत्री को होगे। प्रधान मंत्री सीधे संसद को रिपोर्ट दे। इस आफिस का राष्ट्रपति से संबंध था लेकिन 42वें संशोधन में प्रधान मंत्री ने एग्जीक्यूटिव के खर्चे की जांच करने का काम अपने हाथ में ले लिया। जुडिशियरी तो प्रधान मंत्री ने अपने हाथ में ले ही ली। स्टीफन साहब ने कहा था कि हमने बड़ा कमाल कर दिया, इसको भी ले लिया।

इस के संबंध में मैं डा० अम्बेडकर को थोड़ा कोट करना चाहता हू। उन्होंने इसके महत्व के संबंध में कहा था –

"The Hon. Dr. Ambedkar: Mr. President, I cannot say that I am very happy about the position which the Draft Constitution, including the amendments which have been moved to the articles relating to the Auditor-Genera in this House, assigns to him Personally, speaking for myself, I am of opinion that this dignitary or officer is probably the most important officer in the Constitution of India He is the one man who is going to see that the expenses voted by Parliament are not exceeded, or varied from that has been laid down by Parliament in what is called the Appropriation Act. If this functionary is to carry out the duties—and his duties, I submit, are far more important than the duties even of the judiciary—he should have been centainly as independent as the judiciary, but, comparing the articles about the Supreme Court and the articles relating to the Auditor-General, I cannot help saying that we have not given him the same independence which we have given to the judiciary, although I personally feel that he ought to have far greater independence than the judiciary itself."

कहने का अर्थ यह है कि सिर्फ जुडिशियरी को ही पंगु नहीं किया, बल्कि सरकार के खर्च की जो जांच थी, पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी का हमारा बेसिक सिद्धान्त है, एग्जीक्यूटिव के एक्सपेंडीचर पर पार्लियामेंट का कंट्रोल होगा, उस पार्लियामेंटरी कंट्रोल को एक्सरसाइज करने का जो आपरेटस था, उसको जुलपूर्ण प्रधान मंत्री ने 42वें संशोधन से अपने हाथ में ले लिया।

जुडिशियरी के रेस्टोरेशन के बारे में मैंने कहा है कि कानून के जानने वाले बहुत लोग हैं, वह बतायेंगे लेकिन उसका एक आस्पैक्ट अभी किसी ने नहीं कहा कि जजेज की नियुक्ति के सम्बन्ध में एक क्लाज जोड़ दिया कि कोई भी जुरिस्ट हो सकता है। हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री या उनके मित्र, उनमें से किसी ने भी लॉ पास किया है तो उसको जुरिस्ट कह देंगे, क्योंकि प्रधान मंत्री को डिसीजन लेना था। इसके सम्बन्ध में किसी और को डिसीजन नहीं लेना था। (व्यवधान) जुरिस्ट अलग डिफाइन नहीं है कहीं भी कांस्टीट्यूशन में। आप जिसको चाहें जुरिस्ट कह लें, कोई झगड़ा करने वाला नहीं है।

इस प्रकार से उन्होंने हाई कोर्ट की मर्यादा को समाप्त कर दिया।

समय के अभाव के होने के बावजूद भी मैं एक शब्द प्रीविलेज के बारे में कहना चाहता हू। आज के संशोधन के बाद पार्लियामेंटरी प्रिविलेजेज हमारे पैदा होने वाले हैं।

18 00

42वें संशोधन के बाद इस पार्लियामेंट का कोई प्रिविलेज नहीं रह गया था। संविधान में कहा गया था कि पार्लियामेंट स्वयं अपने प्रिविलेज बनायेगी और कोडिफाई करेगी। लेकिन इस बीच में पार्लियामेंट ने अपने प्रिविलेजिज का कोडिफाई नहीं किया। उस के प्रिविलेजिज वही थे, जो हाउस आफ कामन्ज के थे, लेकिन वे छीन लिए गये। यह ठीक है कि हमको प्रिविलेजिज प्राप्त हैं, लेकिन संविधान के तहत हमें जो प्रिविलेज प्राप्त थे, वे बिदड़ा कर लिये गये।

देश के वकील मित्रों में संविधान के विभिन्न प्रावधानों के बारे में बहस चल रही है। श्री राम जेठमलानी ने प्रिविलेजिज के बारे में कहा कि उन्हें कोडिफाई किया जाना चाहिए। लेकिन मैं यह कहना चाहता हू कि पार्लियामेंट के प्रिविलेजिज का कोडिफिकेशन नहीं होना चाहिए। यह ठीक है कि दुनिया के कुछ मुल्कों में पार्लियामेंट के प्रिविलेजिज कोडिफाइड हैं। हमें याद रखना चाहिए कि अगर यहां पर हमारे प्रिविलेजिज को कोडिफाई किया गया, तो उन्हें अदालतों में ले जाया जा सकेगा। मैं अदालतों से डरता नहीं हूं, लेकिन पार्लियामेंट के प्रिविलेजिज के पीछे एक इतिहास, एक पृष्ठ भूमि और एक कारण है। मैं महसूस करता हू कि अगर मेरे मित्र उस इतिहास और उस सब कारणों को देखेंगे, तो उन का भी यही विचार होगा कि मैं प्रिविलेजिज कोडिफाई नहीं होने चाहिए।

श्री मैं इस संविधान-संशोधन की प्रशंसा करता हूं कि उस ने हमारे गये हुए प्रिविलेजिज को लौटाया है। हमारे डेमोक्रेटिक राइट्स, सिविल राइट्स, कर्ब की जांच करने के हमारे अधिकार और पार्लियामेंटरी प्रिविलेजिज पर चारों तरफ से हमला किया गया था और उन्हें काट कर रख दिया गया था। इस संशोधन के द्वारा उन्हें रैस्टोर किया जा रहा है।

श्री इस के बाद भी हमारे मित्रों को संतोष है। वे कहते हैं कि 42वें संशोधन की ऐसी भी बातें हैं, जिन्हें हम लोग बुरा नहीं समझते हैं। हम ने उन के एक दो प्राविजन्स को बनाये रखा है इसलिए वे समझते हैं कि उनके सारे एमेंडमेंट्स सही थे, और उन्हें इस की बहुत प्रसन्नता है।

इमर्जेन्सी के प्राविजन के सम्बन्ध में मैं कोई बड़ा आदर्शवादी दृष्टिकोण प्रस्तुत नहीं करना चाहता हूं। हमारे देश में इमर्जेन्सी जिस तरह से आई उसके सम्बन्ध में दुनिया में जो कुछ हुआ है उस का वर्णन तो नहीं किया जा सकता है लेकिन मैं कुछ इशारा करना चाहता हूं। कोई प्राविजन यूनाइटिड स्टेट्स और अस्ट्रेलिया के कांस्टीट्यूशन में नहीं है। फ्रांस के 1848 के आरिजिनल ड्राफ्ट में और 1875 के कांस्टीट्यूशन में भी ऐसा कोई प्राविजन नहीं था। जेनरल दगाल ने 1856 में एक इमर्जेन्सी प्राविजन रखा। उन्होंने यहां तक व्यवस्था की कि पार्लियामेंट को भी बुलाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने उस प्राविजन का प्रयोग किया, मगर फ्रांस के प्रबुद्ध जनमत के विरोध के कारण पांच महीने के बाद ही उसको लौटा लिया। इस लिए देश में प्रबुद्ध जनमत ही शासन के इस प्रकार के पावरफुल को रोक सकता है वर्ना जिस के हाथ में शासन होता है, वह संविधान का दुरुपयोग करता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि अगर शासन में पागलपन आ गया और शासन की बाग-डोर अनस्क्रुपुलस लोगों के हाथ में चली गई, तो संविधान के पन्ने फाड़े गये।

हमारा संविधान बहुत सोच समझ कर बनाया गया है। वह दुनिया का सब से बड़ा लिखा हुआ संविधान है। हमारे फाउंडिंग फादर्स ने, दुनिया के अन्य संविधानों में जो कोई भी दोष था, उनको सुधारने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने इस बात की कल्पना नहीं की थी कि इस देश के प्रधान मंत्री के पद पर एक ऐसा विनौना डिक्टेटर भी आयेगा, जो इस सारे संविधान के स्वरूप और उसकी मर्यादाओं को बिगाड़ कर रख देगा और उसके पन्नों को फाड़ देगा, और इस देश की पार्लियामेंट भी उस का समर्थन कर देगी। प्रेसिडेंट दगाल को इमर्जेन्सी प्राविजन को वापस लेना पड़ा, क्योंकि फ्रांस का जनमत प्रबुद्ध था। इस लिए अगर हमारे देश में भी एक प्रबुद्ध जनमत नहीं बनेगा, तो संविधान के दुरुपयोग और उस की विकृति को रोकना असंभव होगा।

जहां तक इमर्जेन्सी की व्यवस्था का सवाल है, यद्यपि अमरीका में कोई संविधान नहीं है, लेकिन वहां इस के बारे में लेजिस्लेशन है। लिंकन को भी इस का उपयोग करना पड़ा था।

पिछली सरकार राज्यों में फौज भेजने के लिए तैयार रहती थी। जैसे मुगल बादशाहों के सूबेदार हर सूबे में रहा करते थे, वैसे ही सरकारें थीं समझती थी कि वह क्वीन एम्प्रेस हैं और सूबों में उन के सरदार बैठे हुए हैं, और जरूरत पड़ने पर वह बड़ा अपनी फौज भेज देंगी, जैसा कि अकबर या औरंगजेब के जमाने में होता था। ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं थी। ऐसी व्यवस्था केवल जर्मन राइक के आर्टिकल 48 में थी—

"If any State does not perform the duties imposed upon by the Constitution or upon by the national laws, the national President may hold it to be the performance thereby the force of arms"

सिर्फ जर्मनी में यह व्यवस्था थी कि सरकारें-प्रांतिया, एम्प्रैस फौज भेज देंगी। मैं ज्यादा कुछ नहीं बोलना चाहता लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि इस प्रकार की व्यवस्था रख कर के सरकार ने एक अच्छा काम किया है। एक बात मैं यह कह दूं कि 30(ए) जो उड़ीसा जाड़ा है, वह मेरी राय में सुपरफ्लुअस है। मैं समझता हूं कि उस की आवश्यकता नहीं है। मंत्री महोदय तो कानून के पंडित हैं वह अच्छी तरह जानते हैं। फण्डामेंटल राइट्स से निपटने जाने के बाद फिर भी इस को कांस्टीट्यूशन में रखने की जरूरत नहीं है।

प्रिवेंटिव डीटेंशन को अस्तित्व में रखा है और जजेज का उस के अंदर अधिकार दिया है, यह एक अच्छी बात है। जजों की नियुक्ति के सम्बन्ध में जो संशोधन किया है वह भी एक अच्छा काम किया है। आजीवन जिंदगी को पांच साल से छः साल करने वाले हमारे मित्रों को अफसोस भले ही हो लेकिन यह जो टर्म फिर 6 साल से 5 साल किया है आवश्यक है और यह उन्होंने अच्छा काम किया है।

एजुकेशन के सम्बन्ध में मंत्री महोदय फिर से विचार करें। देश में बड़ा भारी जागरण है कि इस को समवर्ती सूची में रखा जाय क्योंकि सारे देश के एजुकेशन को रेगुलेट करने के लिए सेंटर की तरफ से इंतजाम होना चाहिए। लिंग्विस्टिक

[श्री चौरी शंकर राव]

और दूसरी सारी फीलिंग्स को इनकारपोरेट करते हुए उस को क्रियान्वित करना है तो उस के लिए यह आवश्यक है ।

एमर्जेन्सी के सम्बन्ध में जो प्रावधान अब रह गया है संविधान में उस का मैं ने विरोध इसलिए नहीं किया क्यों कि उस का रहना आवश्यक है और इस सम्बन्ध में मैं डा० अम्बेडकर का एक कोटेशन पढ़ना चाहता हूं । डा० अम्बेडकर से लोगों ने कहा कि आप तो 1935 के ऐक्ट के मुताबिक सारे डीटेल्स को संविधान में डाल रहे हैं, जैसे इन्होंने भी डाला है तो उन्होंने यह कहा :

"Dr. Ambedkar while replying to the debate said, "I wish very much that the Drafting Committee could see its way to avoid the inclusion of certain details in the Constitution. He said, I would like to tell you the necessity which will justify their inclusion.

"Grote, the Historian of Greece has said that the diffusion of the Constitutional morality, not merely among the majority of any community, but throughout the whole, is the indispensable condition of a Government at once free and peaceable, since even any powerful and abstinate minority may render the working of a free institution impracticable, without being strong enough to conquer ascendency for themselves.

By constitutional morality Grote meant a paramount reverence for the forms of the Constitution, enforcing obedience to authority, acting under and within their forms. yet combined with a habit of open speech, of action subject only to legal control, and unrestrained censure of those very authorities as all their public acts combined to with a perfect confidence in the bosom of every citizen amidst the bitterness of party contest that the forms of the Constitution will not be less sacred in the eyes of his opponents than in his own.

While everybody recognizes the necessity of the diffusion of the constitutional morality for the peaceful working of a democratic Constitution, there are two things interconnected with it, which are not, unfortunately, generally recognized. One is that the form of Administration has a close connection with the form of the Constitution. The form of the administration must be appropriate to and in the same sense as the form of the Constitution.

The other is that it is perfectly posible to prevent the Constitution, without changing its form by merely changing the form of adminstration and to make it inconsistent and opposed to the spirit of the Constitution. It follows that it is only where people are saturated with the constitutional morality such as the one described by Grote, the historian that one can take the risk of omitting from the Constitution details of administration and leaving it for the legislature to prescribe them. The question is: Can we presume such a diffusion of Constitutional morality? Constitutional morality is not a national sentiment. It has to be cultivated. We must realise that our people have yet to learn it. Democracy in India is only a top-dressing on the Indian soil which is essentially undemocratic.

In these circumstances, it is wiser not to trust the legislature to prescribe forms of administration. This is the justification for incorporating them in the Constitution."

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur): Mr. Speaker, Sir, today the soul of India is partially resurrecting itself again, thanks to the demo-

eratic aspirations of the teeming millions of this country. Though the people of this country have been kept underfed, under-nourished, uneducated, half-educated, unemployed and deprived of the basic necessities of life, they have, yet, given their clear verdict against the disfigurement of the body of the Constitution and the deliberate distortion, if not annihilation, of the spirit of the Constitution by the Forty-Second Amendment The verdict was in the clearest terms possible because of the bitter experience of the people in this country—how even the organic law of the country could be mutilated by a dictator through a captive Parliament and with the help of persons who were proclaiming themselves to be the true representatives of the people although Parliament had ceased to reflect the true will of the people as was clearly established during the March 1977 elections.

The Janata Party gave a pledge to the people of this country for the wholesale repeal of the Forty-Second Amendment. But, although we have been reminding them since the last Lok Sabha elections that they should keep their pledge, it seems that, they thought of arriving at a decision by compromise and consensus. But 'compromise and consensus' with whom? With the people who had perpetrated ghastly crimes against humanity, those who have not even expressed a sense of sorrow and shame over what was done during the Emergency, the people who are still gloating over the so-called gains of Emergency, those who are still singing praises for the malevolent dictator. Government tried to come to an arrangement with those people. I feel that, instead of being pampered, they should have been thoroughly exposed by this time. Because the Janata Party has dragged its fete so long, we have had to listen to a lecture from the Leader of the Opposition as to the Constitutional proprieties and Constitutional niceties in this country.

We have opposed, and the people have opposed, the Forty-Second Amendment as it had been the product of insatiable hunger for power and it represented, according to us, an evil in the body politic of this country; it represented the grossest form of anti-people outrage. It has been nothing but synonymous with fascism and dictatorship. Therefore, we believe that, so long as a single word of the Forty-Second Amendment remains in our Constitution, the Constitution will continue to remain polluted thereby. That is our view.

The defilement of the Constitution started with the Thirty-Nineth Amendment when, for the sake of one individual, the so-called constituent power of this august House was utilised to invalidate a judicial determination. What happened at that time? The Members of Parliament then belonging to the Congress Party vied with one another in supporting the politically immoral and illegal Constitutional Amendment. That was done for the sake of one individual The Constitution was amended; the Representation of the People Act was amended, as if any one person in this country was indispensable. For the sake of saving the election of Mrs. Indira Gandhi, the Constitution had been defiled and mutilated at that time, and the President and the Speaker were brought in only to keep company This was the position. The Thirty-Nineth Amendment Bill, the Members would recall, was passed in unseemly hurry and haste—no discussion, no debate, worthwhile, either outside or inside this House. This was followed by the Fortieth Amendment which was passed by the Rajya Sabha to the lasting shame of Parliamentary institution in this country, giving immunity to one particular individual from the consequences of crimes. Therefore, we felt that unless and until, in future, the provision for amendment of the Constitution was kept beyond the reach of such dictators, ruthless dictators, those

[Shri Somnath Chatterjee]

whose hunger for power cannot be met, the constitution of this country and the people of this country cannot be saved.

Then came the Forty-second Amendment where really it reached the nadir of political immorality and the grotesque and grossest exhibition of lust for power. It was a calculated attempt not only to denude the people of their right, emasculate the judiciary and to strike at the very root of even the quasifederal set up we have in this country and in fact it was only to perpetuate the dynastic hegemony of one individual at the expense of the country and its people.

What was the position in the country then? The press had been muffled, the voices of the people had been gagged and rights and personal liberties were gone. All meetings and processions were banned, freedom of expression and speech was lost totally in this country to the people. Members of Parliament were kept in detention for an indefinite duration without even being told of the charges they were supposed to be guilty of. This was the position in the country then, when no political activity on the part of the opposition parties was permitted and that situation was taken advantage of by a dictator who had already tasted blood and utilised a rubber stamp Parliament to reduce the people to servility and to reduce the status of the different States to that of colonies. That was the position.

Not a single provision of the Forty-second Amendment was conceived in public interest. There were frills here and there—innocent and unnecessary frills. There have been some gimmickry here and there like the amendment of the Preamble and inclusion of some provisions of Directive Principles which have remained only on paper. They were never translated into action. Apart from that, the Forty-second Amendment was nothing but a declaration of war on the people to perpetuate one person rule. I believe because of the mandate of the people in this country, it is our solemn duty to remove the cancer from the body politic of this country. Should we not remind ourselves of the *modus operandi* that was taken recourse to before the Forty-second Amendment was passed? What happened? A socalled Review Committee was set up with persons belonging to a particular political party then in power and headed by Sardar Swaran Singh and others whose credentials about going into such matters were so much suspect. We have seen how officially sponsored demonstrations and organized jamborees were held throughout the capitals and in different capitals of the States where Ministers met and visited and, unfortunately, some of the Judges were vying with each other to go and attend these so called law conferences and trying to trumpet the benefits of the proposed Constitution Amendment At that time, no opposition party was allowed to hold a seminar even inside a hall to give expression to their views on the proposed amendment. There was no public debate outside. Nobody had any occasion to give expression to their views. All the real opposition parties had boycotted the Parliament session and that was utilised for the purpose of amending in such a ghastly manner and in such a comprehensive manner the Constitution of the country. I would like to know from my hon. friends here: can they point out a single provision, a single line in the Forty-second Amendment which is for the real benefit of this country? After the Twenty-fourth and Twenty-fifth amendments, nothing stood in the way of real achievement of the socio-economic objectives of the country through constitutional amendments or making laws. There had been ample provision. Art. 31 had been amended. Art. 368 had been

amended but that was never taken recourse to for the purpose of bringing about real improvement in the conditions of the people of this country. There is the Twenty-fifth amendment, there is the Twenty-fourth Amendment. We were then in the Opposition but we supported the then government because it was expected that it would be utilised for the good of the people but that was never to be. That was never done because they believed only in gimmicks, only in hoaxes all the time trying to mislead the people and always searching for scapegoats. 'Now it is the judiciary standing in the way of our progress, therefore, we want more power' and we really conceded more power but that was never utilised in the country.

The real object of the Forty-Second Amendment was to curb the people and the opposition parties. It provided a wonderful scheme of curbing so-called anti-national activities keeping in hand the power to declare any opposition party as an anti-national organisation and completely stifling its activities They conceived of imposition of fundamental duties as if the people of this country are not patriots; they do not love the country, they are not prepared to work for the good of the country. These are all gimmicks and hoaxes played on the country. They put various curbs on the powers of the judiciary, they curtailed the scope and ambit of Article 226 of the Constitution. Last but not the least, they took away the powers with regard to various matters by tampering with the Seventh Schedule and also providing for deployment of para-military forces in the States against the wishes of the State Governments.

The object was to see that all the powers remained concentrated in the hands of the Centre and with that slogan that India is Indira and Indira is India, one leader, one party, one country, in that order, as I said on the last occasion, they hoped that she will be there for ever and the sycophants and cohorts will dance to her tune and she will go on. The Prince of Wales was being groomed; and it was thought that dynastic rule will be established through the means of Constitution in this country. A captive Parliament was there. The life of the Parliament was extended. For whose benefit? What was the difficulty in holding elections? It was again extended, but then probably some astrological predictions prompted her to go to the polls for which she must be repenting now. This was the position.

We feel, therefore, that the Forty-Second amendment represents cancerous symptoms in our body-politic and should have been removed lock, stock and barrel. It is not as it is coming from us alone. With the same mandate, they approached the people and now they are trying to compromise with that mandate because they want their blessings and help. The composition of Rajya Sabha should not have determined the course adopted by the ruling party in this case.

Even here the preventive detention laws are still being continued. We shall hear, no doubt, from the hon. Law Minister that they are providing for the Chief Justice to constitute the Advisory Board with a sitting judge and therefore, all troubles would be over. Two months detention is there without the Advisory Boards. Then, Sir, our experience is that even the Advisory Boards that were there before MISA was made more Draconian, what happened? There were ex-judges, even district judges were presiding over the Advisory Boards, but how many persons were acquitted by the Advisory Boards? They always go by *ex parte* presentation of facts from the police records. There was no other material before these

[Shri Somnath Chatterjee]

Advisory Boards. It will be denial of the basic provision of the rule of law. Shri Ram Jethmalani rightly said that if prevention detention is retained, then you are keeping in the hands of the Government the power to stifle all legitimate democratic activities. Why are we opposing it so strongly? Even after the Janata Party came into power, there was an attempt to introduce MISA through the Criminal Procedure Code, which on the reaction and protest of the public, they had to withdraw. In the States ruled by the Janata Party, the mini MISA is still there and is being utilised not against the perpetrators of crimes or zamindars, or other persons, but against the workers, the State Electricity Board workers and the common people of this country. In whose hands are you giving this power? Even the Janata Government in the States have utilised it for their own political purposes, for their so-called administrative purposes. Therefore, on principle, we are against this. Regarding Article 352, has not this country learnt a lesson? On the plea of so-called internal disturbances, which was nothing but a hoax, the Shah Commission has made it clear, a hoax was perpetrated on the people of this country in the name of internal disturbances; this country was made a captive and a huge prison house. And people like Jayaprakash Narain and other leaders of the democratic movements, trade unionists, students, teachers and ordinary, common people were put behind the bars, taking advantage of the Emergency. If provision about the armed rebellion is there, who will decide whether it was there or not? Where is the accountability for it? If you happen to have a majority, and if you are able to control it in this House, whatever you allege to be a rebellion, will go as an armed rebellion. There is no question of accountability. Nobody can find it out. There are no standards. Who will decide it? Therefore, I request the hon. Members of the Janata Party, "Please ponder once more, before you betray the trust which people have reposed in you. Please think once more. Don't have the idea that you are indispensable in this country, or that you will be permanently here. The way you are functioning, she has gained strength; and she and her cohorts are moving in this country, professing a democratic attitude. This is the lesson which you have learnt within these 16 months. It is the experience of the people within 16 months."

The power under Article 352 can be abused by this Government, because of its composition, or the changes—we do not know what will be the permutation or combination; whether there will be any exodus from here or there, we do not know what will happen. I request Government to consider this. Similarly, we are opposing Articles 356 to 360. We are supporting referendum, because we have seen the functioning of the minority Government after 1971 elections; that election showed that with a minority of votes, Mrs Indira Gandhi could have a large, artificial majority of Members. Therefore, even with that minority vote, she could go on trumpeting about her massive mandate, which Mr Piloo Mody used to call 'MM'. She utilized that so-called massive mandate as the justification for the purpose of bringing about the 42nd Amendment. Therefore, it is necessary that the lessons that you have learnt, should not be forgotten soon. We should not betray the trust which the people have left with the present Parliament. We ought to see that those aberrations do not recur in future in this country.

With regard to other matters, we shall give our views when amendments come. But we support this Amendment Bill with these reservations. We shall still hope that in the

two days left, there will be a little introspection on that side, and that they will restore what should be restored to the people of this country.

श्री राज नारायण (राय बरेली): प्राचीनकाल में राज दरबारों में भाट हुआ करते थे जो कविताओं के द्वारा अपनी शैलियो से राजाओ का गुणगान किया करते थे। मै अपने आप को उस श्रेणी में नही रखना चाहता। मैं कहना चाहता हूं कि आज जो संशोधन विधेयक आया है इस को आप देखें। मै समझता हू कि यह खट्टा भी है और मीठा भी है। खट्टा कहां है मै चाहता हूं कि जो सत्ताधारी दल के सम्मानित सदस्य है वह देखें। जनता ने उन को किन कारणो से यहां भेजा है और क्या यह संविधान संशोधन जो सोलह महीने के बाद और सत्रहवे महीने मे आया है क्या उन आकांक्षाओं की पूर्ति करता है या नही करता है जो जनता की थी और है? यह जनता पार्टी का इलैक्शन मैनिफेस्टो है। इस मे वह पोलिटिकल चार्टर है। इस म यह लिखा है लिफ्ट दी एमरजेंसी। मै पूछना चाहता हू कि क्या इमरजेंसी इन टोटो हट गई है? क्या वर्तमान सरकार अगर इमरजेंसी लाना चाहे तो ला सकती है या नहीं ला सकती है? इस सवाल का जवाब कानून मंत्री को देना चाहिये।

दूसरी बात इस में यह है रेस्टोर दी फंडेमेंटल फ्रीडम्ज दैट हैव बीन सस्पेंडिड बाई ईजीडेंशल आर्डर। वे बहुत हद तक रैस्टोर हो गई है।

सीक टू रेसेंड दी फार्टीसैकिंड एमेंडमेंट। जनता पार्टी ने जनता के मध्य में ऐलान किया था कि हम 42वें संशोधन को पूर्ण रूपेण खत्म करेंगे। यह है मामला पूरा और सीधा।

अब मै जानना चाहता हूं जनता पार्टी के सदस्यो से कि किस मुह से जनता के बीच में जायेंगे? क्या यह 42वें संविधान संशोधन को इन टोटो खत्म कर रहे हैं? नही। इसलिए हमने अपनी सम्मति पहले भी दे दी थी कि 42वें संशोधन को पूर्ण रूपेण समाप्त किया जाये उस के बाद जो कुछ हम को लाना होगा लायेंगे। लेकिन कहीं कहीं मुंह हो जाता है 36 और कहीं हो जाता है 63। तो हम सोचते हैं कि इन्दिरा जी की व्यवस्था में और हमारी व्यवस्था में 63 का सम्बन्ध है, यानी मुह चुम्मा चुम्मी होने लगी। तो इस विधेयक के जरिये कहीं कहीं मुंह चुम्मा चुम्मी भी हो रही है। मै चाहूंगा कि सम्मानित सदस्य जनता पार्टी के उस मुह चुम्मा चुम्मी को काट दें और बिल्कुल 36 कर दें।

"move to amend article 356 to ensure that the power to impose President's rule in the States is not exercised to benefit the ruling party or in favour of sections within it."

क्या 356 को हमने उस तरह से अमेंड किया है जिस तरह से हम ने जनता को वायदा किया था? अब तो हम यह देख रहे हैं कि तीन साल तक अगर इलेक्शन कमीशन अपनी सिफारिश दे दे कि राज्यों में चुनाव न कराओ तो इमरजेंसी में 3 साल तक चुनाव नही होगा। प्रेसीडेंट का रूल राज्यों में कायम रहेगा।

दूसरे यह कि इलैक्शन की एज 21 साल से 18 साल करने को कहा था जनता से कि हम जाते ही 21 साल से 18 साल कर देंगे। बराबर अपने भाषणो में कहते थे कि प्रापर्टी खरीदने के लिये, प्रोपर्टी बेचने के लिये, सेना में भर्ती होने के लिये, हर काम के लिए 18 साल वाले को बालिग माना जाता है। मगर वोट देने के लिये 21 साल क्यों? 21 साल नहीं होना चाहिये बल्कि 18 साल होना चाहिये। मै विधि मन्त्री से पूछना चाहता हू कि अब वह कौन सा संशोधन लायेंगे कि 21 साल की जगह 18 साल हो। क्योंकि हम केवल इसी हाल में नही रहते, न दिल्ली के अपने कमरे मे रहते है बल्कि देहात मे घूम कर जनमत जाना करते है। अभी कानपुर में पब्लिक मीटिंग मे एक सवाल पूछा गया कि तुमने वायदा किया था कि 18 साल वोटर की उम्र करेंगे। अभी तक क्यो नही किया? इसका जवाब हम क्या दें? असल मे कुछ लोग पूछते हैं हम से कि शांति भूषण जी आपके वकील थे। यह तो बहुत बड़े वकील हैं इन्होंने कलकत्ते में अखबारों में बयान दे दिया कि राजनारायण की दृष्टि बड़ी पैनी है। अगर हमारी दृष्टि पैनी होती तो हम इन को वकील क्यो करते। हम बड़े लायर अगर होते तो श्री शांति भूषण जी को मै क्यो करता। समझ लीजिये श्री शांति भूषण हम से बहुत बड़े लायर हैं। मगर हर जगह कानून की बारीकी काम नही देती। जहां जनता जनार्दन की आकांक्षाओं का प्रश्न होगा वहां कानून की बारीकियां काम नही देंगी। इसलिये मै चाहूंगा कि तत्काल यह सरकार कोई ऐसी व्यवस्था करे जिस से कि तमाम बालिग जो 18 साल के हों वह हर जगह वोट देने के हकदार हो जायें चाहे असेम्बली हो, पार्लियामेंट हो, म्युनिसिपैलिटी हो, टाउन एरिया हो या नोटिफ़ाइड एरिया हो।

अब मैं दूसरे पन्ने पर चल रहा हूं:

"As a corollary to this it will also delete 9th Schedule to the Constitution".

मैं जानना चाहता हूं कि क्या नौवां शेड्यूल डिलीट हुआ? नही। नही हो रहा है तो चुप क्यों बैठे हो? बोलो।
हमारे एक दोस्त कहा करते थे —

खोल कंठ मानव, तू कंठ जरा खोल रे,
जन गण हित, कम-से-कम-कांव कांव बोल रे
कांव-कांव कर के जब क्रान्ति एक आयेगी,

[श्री राजनारायण]

बात कही कान को कूह-कूह आयेगी । इस समय आवश्यकता है, कांव-कांव-काव की, और शांति भूषण जी कह रहे हैं कूह, कूह ...

हमारे कवि ने कहा है कि एक कौआ मार दो, तो देखो जितने कौआ रहेंगे, सब काव -काव करेंगे और सर पर भी मारेंगे । हमारे बिहार में एक गांव में देखा है कि जिसने कौए का मारा था, जहां भी वह जाता था, 6 महीने बाद भी कुए पर पानी भरने जाता था तो कौए आकर उस के सिर पर चांच मारते थे । 6 महीने के लिए उस आदमी को गांव से निकाल दिया गया ।

हम तो कौमे भी नहीं है, क्योंकि जनता मर रही है, सड़ रही है मुनीफाखोरों में आवश्यक पदार्थ मिल नहीं रहे हैं यानी किसानों के एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स की कीमत गिर रही है, उनका गुड़ और गन्ना सस्ता हो गया है, वह आज किसान के खेत में है। उत्तर-प्रदेश के बारे में बता रहा हूं कि 5 करोड़ क्विंटल गन्ना पड़ा हुआ है, 75 करोड़ किसान का नुकसान हुआ है, उसका कोई देखने वाला नहीं है । (व्यवधान) ।

मैं अपने सदन के सम्मानित सदस्यों का ध्यान देना चाहता हूं कि वह घबरायें नहीं, पट में पानी का बुलबुला न उठे, सारे साल भर तक जो कुछ भी अन्दर ही अन्दर पका है, सबको खाकर रख दूंगा । हम जनता के हैं, इस किसी मिनिस्टर या प्रधान मंत्री के बनाये हुए नहीं हैं । (व्यवधान)

हमने इलैक्शन मैनिफैस्टो में लिखा है कि 1 और 20 बड़ी और छोटी आमदनी का रिश्ता होगा, क्या इस के सम्बन्ध में कभी संशोधन आयेगा ? संविधान में इसकी व्यवस्था होगी या नहीं ?

डिलीशन आफ प्रापर्टी फ्राम फंडामेंटल राइट ठीक है, मुझे बड़ी खुशी है इस बात की । इस के लिए हम एक मर्तबा सोशलिस्ट पार्टी में निष्कासित किये गये थे । हमारे मित्र कामत साहब बैठे हैं, कांग्रेस सरकार थी इन्दिरा जी की, उस समय सवाल आया था कि फंडामैंटल राइट्स को या इसकांस्टीट्यूशनली चेंज कर सकते हैं । यह कहते थे कि पार्लियामेंट इज सुप्रीम, हम कहते थे कि कांस्टीट्यूशन इज सुप्रीम। बड़ी लड़ाई हुई, लेकिन हम को अन्त में नुक्तची फरमान मिला कि आप इसका विरोध नहीं कर सकते । हमने कहा कि विरोध करेंगे, चाहे जो हो, आप हमें निकाल दें । मगर हम मनुष्य हैं, हमारी मानवता ना रहे । हमने सोशलिस्ट पार्टी की एक वर्किंग कमेटी में पढ़ कर सुनाया ।

यह है हिटलर, 2 अगस्त, 1934 को वाइमर कांस्टीट्यूशन का कैसे चेंज किया गया और किस तरह से चार साल के लिए कांस्टीट्यूशन को सस्पैंड कर दिया गया और कहा गया कि हर नागरिक को हिटलर की शपथ खानी पड़ेगी और हिटलर जो कुछ बोलेगा, उसी के मुताबिक काम करना पड़ेगा । यह शपथ खिलाई गई थी ।

मैं जानना चाहता हूं कि हमारे संविधान में और भी व्यवस्थाओं को क्या वाइमर कांस्टीट्यूशन की तरह इधर-उधर नहीं बदल सकते हैं ? कर सकते हैं, पर उस पर जाने में बड़ा समय लगेगा ।

इन्दिरा जी प्राइम मिनिस्टर थीं, उन में के दिमाग में यह बात आ जाती कि मैं सदन को डिजाल्व कर दूं तो कर सकती थीं, या नहीं ? वह डिजाल्व कर सकती थी । क्या आज का प्रधान मंत्री चाहे कि सदन को डिजाल्व कर दूं तो कर सकता है या नहीं ?

कुछ माननीय सदस्य : जरूर कर सकता है ।

श्री राज नारायण : मैं शांतिभूषण जी से कहना चाहता हूं कि कानूनों की जानकारी रखना और उस के मुताबिक काम करना दोनों दो चीजें हैं । शांति भूषण जी की यहां आने से पहले जो प्रतिभा थी, उस प्रतिभा को वह कायम रखें, यहां आकर उस प्रतिभा को कुंठित न होने दें । वह प्रतिभा कुंठित हो रही है । मान लीजिए कि लोग चाहते हैं कि प्रधान मंत्री के विरुद्ध अविश्वास-प्रस्ताव ला कर उन को हटा दिया जाये । तो क्या प्रधान मंत्री को अविश्वास-प्रस्ताव ला कर हटाया जा सकता है ?

एक माननीय सदस्य : क्या आप उन को हटाना चाहते हैं ?

श्री राज नारायण : मैं एक एक्जाम्पल दे रहा हूं । मैं इच्छा व्यक्त नहीं कर रहा हूं। मैं एक प्राबेबिलिटी बता रहा हूं ।

ऐसी स्थिति में क्या कोई शक्ति है, जो प्रधान मंत्री को सदन को डिजाल्व कराने से रोक सकती है ? प्राइम मिनिस्टर सदस्यों को बुला कर कह सकते हैं खबरदार मैं तो चुन कर चला आऊंगा, मगर मैं सदन को डिजाल्व करा दूंगा और तुम लोगों की मिट्टी पलीत हो जायेगी । इस आतंक और भय से बचने की क्या गुंजायश है ? श्री शान्ति भूषण कृपा कर के अपनी कानूनी प्रतिभा का प्रयोग करें और इस की कोई गुंजायश लायें कि अगर कोई भी प्रधान मंत्री अपने पद का दुरुपयोग कर के अपने बहुमत को बनाने की कोशिश करे, तो इससे बढ़ कर भ्रष्टाचार का कोई दूसरा काम नहीं माना जायेगा और वह प्रधान मंत्री भ्रष्टाचार का दोषी होगा ।

जनता पार्टी के घोषणापत्र में राइट टु वर्क एण्ड फुल एम्पलायमेंट देने का वचन दिया गया था । क्या इस संविधान-संशोधन में सभी

बेकारों को काम देने की कहीं कोई व्यवस्था है ? अगर नहीं है, तो क्यों नहीं है? किसके पास क्या खिंचा, किस तरह रख दिया, मुझे तो मालूम नहीं है ।

श्री सौगत राय (बैरकपुर): क्या कैबिनट में यह सब पास नहीं हुआ ?

श्री राज नारायण : हमारे घोषणा-पत्र में कहा गया है कि इल्लीट्रेसी विल बि इरेडिकेटिड । इल्लीट्रेसी कब इरेडिकेट होगी ? उसके लिए क्या हो रहा है ? हमारे मित्र इस बारे में कह चुके हैं, इस लिए मैं उसको दोहराऊंगा नहीं । मगर फ्रैंसी स्कूल अब भी हैं, और उन को कायम रखने के लिए वही बूर्जवा तर्क होता है कि हमारे पास पैसा है, हम अपने लड़के को पढ़ायेंगे, तो आप क्या कर लेंगे । यही कैपिटलिस्ट कहना है कि हमारे पास बाप की कमाई का पैसा था, हमने मिलें खोली, हम चाहें मजदूरों को रखें या न रखें। विल इज बूर्जवा टकनालोजी एण्ड एमलैसिस आफ दि मिथुएशन। मैं नहीं चाहता हूं कि जनता पार्टी का कोई मंत्री या जनता पार्टी की सरकार आज बूर्जवा टेकनालोजी और बूर्जवा वें आफ थिंकिंग को यहां पर रख कर अपना काम निकाले।

मैं नजरबन्दी का घोर विरोधी हूं । मगर नजरबन्दी की व्यवस्था अब भी है । मेरे लायक दोस्त, कानून मंत्री, ने नजरबन्दी की व्यवस्था कायम रखी है। मैं चाहता हूं कि वह इस व्यवस्था को हटायें । मान लीजिए कि यह संविधान एक सुन्दरी नायिका है, तो संविधान के आर्टिकल 352 से आर्टिकल 360 उस सुन्दरी नायिका की आंख को फोड़ देते हैं, उसको कानी बना देते हैं। इस लिए इन आर्टिकल्ज को समाप्त कर दिया जाये ।

MR SPEAKER: There are a large number of speakers. So, please be brief.

श्री राज नारायण . मैं क्या करूं ? (व्यवधान) ...

SHRI SAUGATA ROY (Barrackpore): We support his demand for more time. (*Interruptions*).

